109

बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड
BIHAR STATE EDUCATIONAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
(A Govt. of Bihar Undertaking)
ISO 9001:14001; OHSAS 18001
Shiksha Bhawan, Bihar Rashtrabhasha Parishad Campus, Acharya Shivpujan Sahay Path, Saidpur, Patna - 800 004
Tel. No. : 0612 - 2660850 • Fax No. : 0612 - 2660256
E-mail : bseidc@gmail.com • Website : http://www.bseidc.in • CIN : U80301BR2010SGC015859

# कार्यालय आदेश

संख्याः– 83 　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांकः– 09/06/2022

**DIET, Sasaram** के भवन निर्माण हेतु M/S Satendra Kumar Construction Private Ltd., 202, Hera Enclave, New Dak Bunglow Road, Patna, Pin-800001 द्वारा एकरारनामा संख्या–202 SBD–2018/19 करने के उपरांत कार्य संपादित किया गया। दिनांक–08.04.2021 को अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के द्वारा निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण निगम के तकनीकी दल के साथ किया गया था, जिसमें कार्य की गुणवता असंतोषजनक पायी गयी थी एवं कार्य मानक विशिष्टयों के अनुरूप संपादित नहीं किया जा रहा था। संवेदक को निदेशित किया गया था कि एकरारनामा के अनुरूप मानक विशिष्टयों के अनुसार ही कार्य किया जाए, ताकि सरकारी राशि का पूर्ण उपयोग हो। तत्पश्चात तत्कालीन प्रबंध निदेशक एवं मुख्य अभियंता के द्वारा योजना का निरीक्षण किया गया था तथा गुणवता के साथ कार्य संपादित करने का निदेश दिया गया था। दिनांक–24.04.2022 को अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, मुख्य अभियंता एवं संबंधित कार्यपालक अभियंता के साथ निर्मित भवन का पुनः निरीक्षण किया गया। यह पाया गया कि भवन निर्माण में बड़ी लापरवाही बरती गयी है। मुख्य अभियंता के द्वारा नवनिर्मित भवन का विस्तृत निरीक्षण किया गया, उनके निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार योजना में घोर अनियमितता बरती गयी है, जो निम्न प्रकार हैः–

- भवन के बाहरी दीवारों पर Acrylic smooth exterior paint का प्रावधान है। Acrylic paint मद के लिए एकरारनामा में रू० 6,86,066/– की राशि प्रावधानित है। परन्तु उसके स्थान पर Distemper किया हुआ पाया गया। अन्दर के दीवारों पर Distemper का प्रावधान है, किन्तु दीवारों पर किये गये Distemper का गुणवत्ता सही प्रतीत नहीं होता है।
- Flooring में एकरारनामा के अनुसार Marble का कार्य किया जाना है परन्तु अधिकांश जगहों पर Marble विशिष्टयों के अनुरूप नहीं होने के फलस्वरूप Marble Crack पाया गया। Marble का घिसाई का कार्य भी नहीं किया गया है साथ ही Flooring कार्य का Level सही नहीं पाया गया।
- दरवाजों एवं खिड़कियों में Fitting Accessories लगाने के बाद Paint किया गया था। फलस्वरूप सारे Accessories पर Paint लगा हुआ पाया गया जो poor workmanship को दर्शाता है एवं उक्त वर्णित Accessories एकरारनामा में वर्णित विशिष्टियों के अनुरूप नहीं पाया गया यथा Aluminium fitting के स्थान पर Steel fitting लगा पाया गया। खिड़कियों में Locking arrangement बहुत ही छोटा था जो विशिष्टियों के अनुरूप नहीं है।
- दरवाजे में कुछ जगहों पर तीन कब्जे के स्थान पर दो ही पाया गया।
- Bathroom fittings एवं उसमें लगे हुए Mirror विशिष्टियों के अनुरूप नहीं पाया गया।
- छत के उपर 44 mm thick cement concrete flooring (1:2:4) with floating coat of cement slurry प्रावधानित था। जो कई स्थानों पर टूटा हुआ पाया गया एवं छत का ढ़लाई Proper level में नहीं पाया गया।

भवन में बहुत जगहों पर Electric & Plumbing fitting टूटा हुआ पाया गया एवं खिड़की लगे हुए शीशा एवं Aluminium बीट बहुत जगहों पर टूटा पाया गया।

- शौचालय ब्लॉक के Flooring कार्य में भिन्न–भिन्न रंगों के Tiles का उपयोग किया हुआ पाया गया।
- छत के सतह पर expansion joint का कार्य में Crack पाया गया एवं Vertical expansion joint covered नहीं पाया गया।
- पुरूष एवं महिला Urinal Automatic flushing प्रावधान किया गया है जिसके लिए एकरारनामा में रू० 2,66,953/– की राशि प्रावधानित है। Automatic flushing cistern के साथ Urinal नहीं पाया गया एवं Kitchen sink गुणवत्तापूर्ण नहीं पाया गया।
- Approach road का PCC casting में Oversize aggregate का उपयोग किया गया है अर्थात् विशिष्टियों के अनुसार नही किया गया है।
- बालिका छात्रावास में भूतल पर स्थित कॉमन रूम के Secondary roof beam में Horizontal bend पाया गया।
- बालिका छात्रावास के Plinth Level तक कुछ भाग में Outer Plaster Surface Proper Level में नहीं पाया गया।
- उक्त भवन के दीवारों के कई स्थानों पर Plaster में Diagonal crack पाया गया। इसके अतिरिक्त भवन में कई स्थान पर Seepage पाया गया।
- बालिका छात्रावास के द्वितीय तल पर एक कमरे में लगभग 1 मीटर Diameter में Ceiling Plaster गिरा हुआ पाया गया, देखने से प्रतीत हो रहा था कि 6 mm thick ceiling plaster के जगह पर 25 mm thick ceiling plaster किया गया है।

उक्त के आलोक में संवेदक M/S Satendra Kumar Construction Private Ltd. से निगम कार्यालय पत्रांक–BSEIDC/TECH/966/2022-3530, दिनांक–06.05.2022 द्वारा स्पष्टीकरण पूछा गया। संवेदक के पत्रांक–SKCPL/BSEIDC/22-23/031, दिनांक–17.05.2022 द्वारा स्पष्टीकरण का प्रत्युत्तर प्राप्त हुआ, जो स्वीकार करने योग्य नहीं है।

अतएव 41वीं निदेशक पर्षद की बैठक के एजेंडा संख्या–12/41 के निर्णयानुसार BSEIDC द्वारा प्रख्यापित ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2012 के शर्तों में दण्ड के प्रावधान के क्रम संख्या–1 (C) के आलोक में संवेदक M/S Satendra Kumar Construction Private Ltd. प्रतिष्ठान के निबंधन को दस वर्षों के लिए कालीकृत करने का निर्णय लिया जाता है, साथ ही जमा Security Deposit की राशि रू०63,38,217/–(तिरेछठ लाख अड़तीस हजार दो सौ सत्रह रू०) को जब्त किया जाता है।

अनुलग्नकः–यथोपरि।

ह०/–
प्रबंध निदेशक
BSEIDC, पटना

ज्ञापांक:-- BSEIDC/TECH/966/2022- 4424 दिनांक:- 09/06/2022

प्रतिलिपि:--M/S Satendra Kumar Construction Private Ltd., 202, Hera Enclave, New Dak Bunglow Road, Patna, Pin-800001 को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रबंध निदेशक
BSEIDC, पटना

(असंगबा चुबा आओ)
MD, BSEIDC Ltd.
Patna

भवन निर्माण विभाग
बिहार, पटना

ज्ञापांक-भवन-13/अभि०प्र०-विविध-12/2022 4461 (व) दिनांक- 29/6/22

प्रतिलिपि:-आई० टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव